# NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# भारत का इतिहास-IV
## (c. 1206-1550)

( History of India-IV: c. 1206-1550 )

# B.H.I.C.-107

## B.A. History (Hons.) - 3rd Semester

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Vaishali Gupta*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com  Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

<u>*Content*</u>

# भारत का इतिहास-IV, (c. 1206-1550)

## (Sociological Theories and Concepts)

Question Paper–June-2023 (Solved) ........ 1
Question Paper–December-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper–Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1-2
Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

**दिल्ली सल्तनत : एक व्याख्या**
**(Interpreting the Delhi Sultanate)**

1. ऐतिहासिक स्रोतों का सर्वेक्षण ( Survey of Historical Sources ) ........ 1

**राजनीतिक संरचनाएँ (Political Formations)**

2. दिल्ली सल्तनत : प्रसार और सुदृढ़ीकरण ........ 10
( Delhi Sultanate : Expansion and Consolidation )
3. संस्थागत विकास : सुल्तान, अमीर और उलमा ........ 18
( Evolution of Institutions: Sultan, Nobility and Ulama )
4. प्रशासनिक संस्थाएँ ( Administrative Institutions ) ........ 29
5. दक्खनी राज्य ( Deccan Kingdoms ) ........ 40
6. विजयनगर साम्राज्य : प्रसार और सुदृढ़ीकरण ........ 49
( Vijayanagara: Expansion and Consolidation )
7. संस्थागत विकास : राजत्व तथा नायक प्रणाली ........ 55
( Evolution of Institutions: Kingship and the *Nayaka* System )
8. पन्द्रहवीं शताब्दी में नवीन राज्यों का उदय ........ 64
( Emergence of New Kingdoms in the 15th Century )

## समाज और अर्थव्यवस्था
**(Society and Economy)**


9. भू-राजस्व प्रशासन ( Land Administration ) ........ 75
10. ग्रामीण समाज ( Agrarian Classes ) ........ 83
11. तकनीकी और समाज ( Technology and Society ) ........ 87
12. नगरीय अर्थव्यवस्था तथा मुद्रीकरण ( Urban Economy and Monetization ) ........ 93
13. आंतरिक और समुद्री व्यापार ( Inland and Oceanic Trade ) ........ 102


## धार्मिक विचारधाराएँ एवं दृश्य संस्कृति
**( Religious Ideas and Visual Culture )**


14. भक्ति परंपरा ( Bhakti Tradition ) ........ 112
15. सूफी परंपरा ( Sufi Tradition ) ........ 121
16. वेदांतिक और श्रमणिक परंपराएं ........ 131
( Vedantic and Sramanic Traditions )
17. मंदिर, मस्जिद और दरगाह : स्वरूप, संदर्भ एवं अभिप्राय ........ 138
( Temples, Mosques and Dargahs: Forms, Contexts and Meanings )
18. राजमहल, किले, मकबरे तथा सार्वजनिक निर्माण : स्वरूप, संदर्भ और अभिप्राय ........ 146
( Palaces, Forts, Mausoleums and Public Works: Forms, Contexts and Meanings )
19. चित्रकला ........ 154
( Painting )


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

**भारत का इतिहास–IV (c. 1206-1550)**

**( History of India-IV: c. 1206-1550 )**

**B.H.I.C.-107**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पांच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. दिल्ली सल्तनत के इतिहास के निर्माण में महत्त्वपूर्ण स्रोत के रूप में अरबी, फारसी तथा संस्कृत अभिलेखों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-5, प्रश्न 1, प्रश्न 2, पृष्ठ-7, प्रश्न 9

**प्रश्न 2. विजयनगर साम्राज्य के अधीन स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-55, 'विजयनगर साम्राज्य में स्थानीय प्रशासन'

**प्रश्न 3. दिल्ली सुल्तानों की भू-राजस्व नीति पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-75, 'दिल्ली सुल्तानों के अधीन भू-राजस्व और उसकी वसूली'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) मंगोल समस्या**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-11, 'मंगोल समस्या'

**( ख ) उलमा**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-26, प्रश्न 12

**( ग ) दिल्ली सुल्तानों की डाक व्यवस्था**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-33, 'डाक व्यवस्था'

**( घ ) अफाकी और दक्खनी**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-45, प्रश्न 9

**भाग-II**

**प्रश्न 5. कुओं से पानी निकालने के लिए 13-15वीं शताब्दियों में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-88, प्रश्न 1

**प्रश्न 6. 13-15 शताब्दियों में भारत में ऋण तथा बैंकिंग पद्धतियां की चर्चा कीजिए। किस प्रकार इन पद्धतियों ने सल्तनत काल में व्यापार को सुगम बनाया?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-105, 'ऋण में बैंकिग व्यापार', पृष्ठ-108, प्रश्न 7

**प्रश्न 7. उत्तर भारत के प्रमुख एकेश्वरवादी आन्दोलनों तथा उनकी विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-114, 'उत्तर भारत का एकेश्वरवादी आंदोलन', 'समान स्वरूपगत विशेषताएं'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) कारखाने**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-100, प्रश्न 11

**( ख ) नहर सिंचाई और उसका प्रभाव**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-35, प्रश्न 2

**( ग ) मस्जिद वास्तुकला**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-42, प्रश्न 4

**( घ ) चित्रका की चौरपंचशिका शैली**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-155, 'चौरपंचशिका शैली', पृष्ठ-157, 'चौरपंचशिका शैली की विशेषताएं'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

**भारत का इतिहास-IV (c. 1206-1550)** **B.H.I.C.-107**

**( History of India-IV: c. 1206-1550 )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं* ***पांच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. दक्खन तथा दक्षिण भारत के प्रति खिलजी तथा तुगलक सुल्तानों की नीतियों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-2, पृष्ठ-12, 'खिलजी शासन का प्रसार', पृष्ठ-13, 'तुगलक शासन का प्रसार'

**प्रश्न 2. सल्तनत राजनीति में 'चालीस के गुट' (तुर्कान-ए-चिहलगानी) ने क्या भूमिका अदा की?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-19, 'तुर्कान-ए-चिहिलगानी'

**प्रश्न 3. विजयनगर साम्राज्य में धर्म और राजनीति के मध्य संबंधों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-6, पृष्ठ-52, प्रश्न-5, प्रश्न-6 तथा प्रश्न-7

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) दिल्ली सुल्तानों के अधीन डाक व्यवस्था**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-38, प्रश्न-14

**(ख) सिंध राज्य**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-8, पृष्ठ-70, 'सिंध'

**(ग) मिन्हाज-उस सिराज जुजजानी**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'मिन्हाज-उस सिराज जुजजानी'

**(ख) मुहम्मद-बिन-तुगलक के कृषि संबंधी सुधार**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-9, पृष्ठ-75, 'मुहम्मद तुगलक की कृषि नीति'

**भाग-II**

**प्रश्न 5. 13वीं-15वीं शताब्दियों के मध्य सामुद्रिक व्यापारिक नेटवर्क की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-13, पृष्ठ-108, प्रश्न-6

**प्रश्न 6. 13वीं-15वीं शताब्दियों में भक्ति आन्दोलन के उदय के कारणों की परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-14, पृष्ठ-118, प्रश्न-4

**प्रश्न 7. सल्तनत काल में मंदिर, मस्जिद तथा दरगाहों के विशेष संदर्भ में वास्तुकला के विभिन्न रूपों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-17, पृष्ठ-138, 'भारत में मंदिर : संदर्भ और स्वरूप', पृष्ठ-139, 'मस्जिद निर्माण : संदर्भ और स्वरूप', 'दरगाह : सामाजिक संदर्भ और अभिप्राय'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) नहर सिंचाई तथा उसका प्रभाव**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-10, पृष्ठ-84, 'नहर-सिंचाई व्यवस्था और इसका प्रभाव'

**(ख) चित्रकला की चौरपंचशिका शैली**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-19, पृष्ठ-156, प्रश्न-5, प्रश्न-6

**(ग) वेदांतिक परम्परा**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-16, पृष्ठ-133, 'वेदांतिक परंपराएं'

**(ख) सुहरावर्दी सिलसिला**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-15, पृष्ठ-125, प्रश्न-5

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारत का इतिहास-IV, (c. 1206-1550)
# ( History of India-IV, c. 1206-1550 )

## दिल्ली सल्तनत : एक व्याख्या
## (Interpreting the Delhi Sultanate)

## ऐतिहासिक स्रोतों का सर्वेक्षण
## ( Survey of Historical Sources )

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### परिचय

इतिहास से अभिप्राय परिवर्तनों से है। यद्यपि, मध्यकालीन इतिहासकारों ने राजवंशीय इतिहास पर अधिक ध्यान दिया था, फिर भी वे एक वंश से दूसरे में होने वाले परिवर्तनों के बारे में भी सजग थे और वे अधिकांशतः विचारों, संस्थाओं और समूहों के बीच सम्बन्धों के विषय में चर्चा और टिप्पणी करते हैं। सल्तनत काल में साहित्य को समृद्धि प्राप्त हुई है। इस युग में संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में असाधारण विकास के साथ-साथ नई भाषाओं का प्रयोग शुरू हुआ। इस सांस्कृतिक और साहित्यिक संश्लेषण का प्रतिबिम्बन, फारसी एवं संस्कृत के मध्य आपसी आदान-प्रदान द्वारा तथा उर्दू जैसी संश्लेषणात्मक भाषा की उत्पत्ति और विकास में हुआ। इस युग की धार्मिक, सामाजिक और लोकप्रिय अभिप्रवृत्तियों का प्रतिबिम्ब संस्कृत और फारसी से काफी हद तक प्रभावित प्रादेशिक भाषाओं और साहित्य में देखने को मिलता है। अमीर खुसरो और जायसी जैसे मुस्लिम लेखकों की हिंदी रचनाएं तथा बंगाली मुस्लिम कवियों की बंगाली वैष्णव काव्य रचनाएं इस दौर की सांस्कृतिक विशेषताएं थीं।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### अरबी और फारसी ऐतिहासिक परंपराएं

उत्तर भारत में मध्यकालीन इतिहास लेखन की परंपरा अरबी और फारसी थी। अरबी इतिहास लेखन को युग का इतिहास कहा जाता है तथा फारसी इतिहास परंपरा राजवंश इतिहास पर आधारित है। यद्यपि, भारत में फारसी इतिहास परंपरा प्रमुख रूप से प्रधान रही। इस्लामी दुनिया में स्थानीय शासकों की संख्या में वृद्धि के साथ लेखन की एक नई परंपरा का प्रारंभ हुआ।

#### राजनैतिक वृतांत : दिल्ली सल्तनत

सल्तनत काल के मौलिक व्यक्तित्व जियाउद्दीन बरनी तथा उस दौर के अन्य प्रतिनिधि इतिहासकारों के विषय में यहां विस्तार से चर्चा की गई है, जिनमें हसन निजामी की ताज-उल मआसिर और फ़ख्र-ए-मुदब्बिर की आदाब-उल हर्ब वा शुजात मुख्य थीं।

**हसन निजामी**

सद्रउद्दीन हसन निजामी की रचना 'ताज-उल मआसिर' को सर्वप्रथम ऐतिहासिक रचना कहा जा सकता है, जिसमें 1191-92 से 1229 तक दिल्ली सल्तनत की स्थापना के विषय में लिखा गया है। फतहनामा की रचना करने में उनके कौशल की बरनी ने प्रशंसा की है। हसन अरबी परंपरा से विशिष्ट रूप से महान विद्वान रशीद वतवत से अत्यधिक प्रभावित थे और उनका वृतांत अलंकारिक भाषा से परिपूर्ण है। अमीर खुसरो एवं अबुल फजल ने भी निजामी की अलंकारिक भाषा का अनुकरण किया है।

हसन एक विशिष्ट विद्वान परिवार से थे। निशापुर के मूल निवासी उनके पिता निजामी अरूजी समरकन्दी एक महान् विद्वान और ईरान की सबसे प्रसिद्ध हस्ती उमर खय्याम के दोस्त थे। हसन को इस बात की हताशा थी कि उनकी विद्वता को मान्यता नहीं दी गई थी, जो उनकी रचनाओं में देखी जा सकती है। अपने आध्यात्मिक गुरु मुहम्मद अली कूफी के सुझाव पर ही वे निशापुर से गज़ना और वहाँ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। उस समय ऐबक ने शिहाबुद्दीन गौरी, मुईजुदीन मुहम्मद बिन साम की उपलब्धियों को कलमबद्ध करने के लिए विद्वानों को आमंत्रित किया था। हसन ने अपने मित्र

www.neerajbooks.com



का यह प्रस्ताव स्वीकार किया। ऐबक का असामयिक देहांत और इल्तुतमिश द्वारा राजधानी के लाहौर से दिल्ली स्थानांतरण के बाद हसन पर और दबाव बढ़ा। मातृभूमि से दूरी का हसन के लेखन पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनका वृत्तांत हालांकि 1217 तक है, अत: इल्तुतमिश की प्रशासनिक उपलब्धियों का वर्णन नाम मात्र ही है। यद्यपि, उन्होंने अप्रवासियों के प्रति उदारता के लिए ऐबक की बहुत प्रशंसा की है। इक्तिदार हुसैन सिद्दिकी (2014 : 52) का मानना है कि हसन 'अपने नायक सुल्तान कुतबुद्दीन ऐबक के महान् व्यक्तित्व से प्रभावित थे ... इसके विपरीत, सुल्तान इल्तुतमिश के शासनकाल का वर्णन जल्दबाजी में दरबार में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से और बदले में इनाम पाने के उद्देश्य से संकलित किया प्रतीत होता है। इसमें शुरू के भाग के साहित्यिक सौंदर्य का अभाव है।

उनका वर्णन अधिकांशत: उनके संरक्षक ऐबक की सैन्य उपलब्धियों पर आधारित है। यद्यपि, 1197 से 1202 के दौरान किसी भी घटना को हसन द्वारा दर्ज नहीं किया गया है। इनमें इल्तुतमिश की शासन की उपलब्धियां, चंगेज खान के सिंधु तक आगमन और भारतीय राजनीति पर इसके प्रभाव, बख्तियार खिलजी द्वारा बंगाल की विजय (नादिया पर कब्जा) और तिब्बत के खिलाफ उसके सैन्य अभियान का उल्लेख नहीं किया गया है। यह दर्शाता है कि शिहाबुद्दीन की दृष्टि में तीनों केन्द्र एक–दूसरे से स्वतंत्र थे और ऐबक को उनके भारतीय अधिकृत क्षेत्रों का एकमात्र प्रभारी नहीं बनाया गया था। इनाम पाने की उसकी इच्छा ने उसके द्वारा उन अप्रिय तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया, जो इल्तुतमिश को असहज स्थिति में डाल सकते थे। यह ऐबक की मृत्यु और इल्तुतमिश के उत्तराधिकार के बाद की अवधि के पूर्ण मौन में परिलक्षित होता है। इसमें दिल्ली के कुलीनों द्वारा ऐबक के पुत्र आराम शाह को राजगद्दी पर बिठाने का भी कोई उल्लेख नहीं है और न ही आराम शाह के विरुद्ध अमीर–दाद की साजिश का मिन्हाज वर्णन करता है कि इस्माइल ने बदायूँ से इल्तुतमिश को गुप्त रूप से दिल्ली बुलाया था।

हसन ने अपनी रचना में ऐबक की सैन्य सफलताओं, राजपूतों द्वारा कड़े प्रतिरोध, अनहिलवाड़ा के युद्ध में भीमदेव द्वितीय द्वारा तुर्कों की हार तथा दिल्ली, मेरठ, कोल और कालिंजर के किलों की प्रशंसा का वर्णन किया है। इसके साथ-साथ उन्होंने गवर्नर की शक्तियों तथा कार्यों पर भी प्रकाश डाला है। उनकी रचना में यद्यपि सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक पहलुओं का उल्लेख नहीं मिलता परंतु उस समय के हथियारों, मूल्यवान पत्थरों, रत्नों, फूलों, संगीत वाद्य-यंत्रों, जड़ी–बूटियों तथा पशु–पक्षियों के विषय में जानकारी अवश्य प्राप्त होती है।

### मिनहाज-उस सिराज जुजनानी

तबकात-ए नासिरी जुजनानी की कृति है, जिसे राजवंश का इतिहास माना जाता है। सुल्तान नसीरुद्दीन महमूद को समर्पित इस रचना को तबकात (पीढ़ीगत राजनीतिक व्यवस्था) शैली में लिखा गया है। मिनहाज का परिवार बगदाद के खलीफा से संबंधित था। मिनहाज ने 1220 के दशक में मंगोलों के खिलाफ अभियानों में भाग लिया तथा 1227 में भारत पहुंचा। उनके शैक्षणिक और बौद्धिक कौशल से प्रभावित होकर उन्हें उच्च में फिरोजी मदरसा का प्रिंसिपल बनाया गया। 1227 में इल्तुतमिश द्वारा मुल्तान पर कब्जा करने के बाद मिनहाज को दिल्ली लाया गया। रजिया के शासनकाल के दौरान उसे ग्वालियर के कार्यभार से पदच्युत कर दिया गया। 1255 में बलबन के शासनकाल में उन्होंने दिल्ली के काजी का पद पुन: प्राप्त किया। शेख निजामुद्दीन औलिया मिनहाज उस सिराज जुजनानी के वचनों को सुनने प्रत्येक शुक्रवार वहां आते थे।

राजनीतिक घटनाओं के विवरण पर केंद्रित तबकात को गुलाम वंश के शासक नसीरुद्दीन महमूद को समर्पित किया था। मिनहाज ने तुर्की कुलीन वर्ग का पूर्ण उल्लेख किया है परंतु गैर–तुर्की कुलीनों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया। उन्होंने तुर्की कुलीनों की सत्ता को तोड़ने का प्रयास करने के लिए रजिया की भरसक आलोचना की है, साथ ही इल्तुतमिश के बेटों की अयोग्यता का संकेत देते हुए रजिया को सबसे अच्छा विकल्प बताया है। बलबन के आक्रोश से बचने के लिए उन्होंने नसीरुद्दीन को दुनियादारी से दूर राजनीतिक शक्ति में कम दिलचस्पी वाले शासक के रूप में प्रस्तुत किया। बलबन का सत्ता हथियाना समय की आवश्यकता बताया गया है।

### अमीर खुसरो

अमीर खुसरो एक कवि इतिहासकार थे, जिनकी शैली शब्द बहुल और काव्यात्मक कल्पना एवं अलंकारों से परिपूर्ण है। उनके लेखन में कालानुक्रम का अभाव तथा काव्यात्मक साहित्य का अनूठा संगम मिलता है। बरनी ने खुसरो को एक धर्मनिष्ठ सूफी लेखक के रूप में परिचित किया है। खुसरो किरान–उस सादैन (मसनवी), देवल रानी खिज्र खान (अशिका, मसनवी), नुह सिपहर, इजाज–ए खुसरवी (मसनवी), तारीख ए अलाई तथा तुगलकनामा जैसी ऐतिहासिक रचनाओं के लिए जाने जाते हैं। अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में खुसरो का लेखन चरम पर था। उन्होंने गद्य शैली में लिखना आरंभ किया था।

### जियाउद्दीन बरनी

जियाउद्दीन बरनी की अमूल्य कृतियों में दो इतिहास के प्रसिद्ध ग्रन्थ प्रथम तारीख–ए–फिरोजशाही, दूसरा फतवा–ए–जहाँदारी हैं। यह ग्रन्थ बरनी के राजनीतिक चिन्तन को दर्शाते हैं, जिनमें मुस्लिम सुल्तानों की राजनीतिक सोच का वर्णन है। बरनी लिखते हैं, इतिहास लिखते समय इतिहासकार को सुल्तानों की प्रतिष्ठा, गुणों एवं उत्तम कार्यों आदि का उल्लेख करना चाहिए, लेकिन उनके अनाचारों और बुराईयों को बिना किसी पक्षपात के छुपाना नहीं चाहिए।

### थक्कर फेरू

थक्कर फेरू ने सल्तनत काल में मुद्रांकन व्यवस्था, भार और माप तथा धातु प्रौद्योगिकी पर विभिन्न रचनाएं लिखी हैं। उन्होंने वास्तु सार की भी रचना की है, जो वास्तु तकनीकियों जैसे–नींव कैसे रखी जाए, विभिन्न प्रकार की संरचनाएं, कमरों का स्थान निर्धारण और खिड़कियों की दिशा निर्धारण आदि के विषय में चर्चा करती है।

### इसामी

इसामी एक प्रसिद्ध इतिहासकार थे, जिन्होंने सल्तनत कालीन शासकों के शासनकाल की महत्त्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख विस्तार से किया था। उनके द्वारा लिखा गया फुतूह सल्तनत कालीन ग्रंथ अलाउद्दीन बहमन शाह को समर्पित है। इसामी के लेख बताते हैं कि सुल्तान नसीरुद्दीन इल्तुतमिश का बेटा नहीं, अपितु पोता था तथा बलबन द्वारा सुल्तान नसीरुद्दीन महमूद को जहर देकर मारने की

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



जानकारी, कुतुबुद्दीन हसन गौरी की बलबन के कहने पर की गई हत्या आदि का उल्लेख भी इसामी की रचनाओं से मिलता है। अमीरान-ए-सादाह के गठन तथा मोहम्मद बिन तुगलक के कुलीन वर्ग पर विस्तृत जानकारी इसामी के लेखों से मिलती है।

### शम्स सिराज अफीफ

शम्स सिराज अफीफ दिल्ली के अभिजात्य समाज से संबंधित थे। उनकी तारीख-ए फिरोजशाही फिरोजशाह तुगलक के शासन काल का चौदहवीं शताब्दी के अंत का वृतांत प्रस्तुत करती है। अफीफ की रचना सूफी तजकिरा (जीवनी) के रूप में अधिक है तथा वे ऐतिहासिक घटनाओं में धार्मिक महापुरुषों के प्रभाव को श्रेय देते हैं। अफीफ ने हिंदुओं के साथ फिरोजशाह के करीब संबंधों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने एक सुल्तान के लिए आवश्यक अनेक गुणों की चर्चा की है, जिनमें शफाकत (करुणा), अफ्व (क्षमा), अद्ल और फजल (न्याय और ज्ञान) आदि प्रमुख हैं।

### याह्या बिन सरहिंदी

याह्या बिन अहमद सरहिंदी 15वीं शताब्दी के भारतीय इतिहासकार थे, जिन्होंने तारीख-ए-मुबारकशाही, दिल्ली सल्तनत का एक फारसी भाषा इतिहास लिखा था। मुबारक शाह के शासनकाल के दौरान लिखा गया उनका काम सैय्यद वंश के लिए जानकारी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है। उनकी लेखन शैली इस्लामी थी तथा वे इतिहास में दैवीय हस्तक्षेप में विश्वास रखते थे। वे मुहम्मद बिन साम और कुतुबुद्दीन ऐबक को सल्तनत का संस्थापक मानते थे।

## इंशा (पत्र लेखन) परंपरा

सल्तनत काल के प्रमुख इंशा संग्रह हैं। अमीर खुसरो की एजाज-की खुसरवी तथा आइन-उल-मुल्क अब्दुल्ला बिन महरू की इंशा-ए मेहरू। 15वीं-16वीं शताब्दी में ख्वाजा जहां महमूद गवां रियाज उल इंशा और शाह ताहिर हुसैन की दक्खन में रचिरा इंशा-ए ताहिर प्रमुख हैं। इंशा परंपरा मुगल एवं सल्तनत कालीन कार्यालय पद्धति से संबंधित थी।

## आधिकारिक दस्तावेज

आधिकारिक दस्तावेजों में फरमान (सम्राट के आदेश), निशान (राजकुमार द्वारा जारी आदेश), परवाना (शासन द्वारा अधीनस्थों को जारी निर्देश), हस्ब-उल हुक्म (सम्राट के निर्देश पर मंत्री द्वारा जारी किए गए आदेश), दस्तूर-उल अमल (प्रशासनिक या राजकोषीय नियम) आदि सम्मिलित हैं।

## अभिलेख

यहां मुख्य रूप से अरबी, फारसी और संस्कृत अभिलेखों की चर्चा की गई है।

### अरबी और फारसी अभिलेख

आरंभिक अरबी अभिलेख सिंध, गुजरात और हरियाणा में पाए जाते हैं। मुगलों से पहले के सभी अभिलेख अरबी में हैं तथा फारसी का सबसे पुराना अभिलेख बंगाल से प्राप्त हुआ है। गुजरात के सभी सल्तनत कालीन अभिलेख फारसी में हैं। यद्यपि, गुजरात सल्तनत के दौरान अरबी भाषा का प्रभुत्व था। सल्तनत काल के ऐतिहासिक विकास क्रम को समझने के लिए संस्कृत अभिलेख महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। इनमें बलबन के काल में बावली की सीढ़ियों पर उत्कृत पालम बावली अभिलेख सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं, जो शहाबुद्दीन मुहम्मद बिन साम से आरंभ होकर बलबन तक सुल्तानों की संपूर्ण सूची प्रदान करते हैं।

### संस्कृत अभिलेख

संस्कृत अभिलेखों में रानका और राउत का उल्लेख मिलता है। 16वीं शताब्दी में अनेक द्विभाषी अभिलेख भी पाए गए हैं। इनमें मुबारकपुर कोटला अभिलेख, जो संस्कृत और फारसी भाषा में लिखा गया है, महत्त्वपूर्ण है।

## सूफी लेखन

सूफी वृतांत तीन प्रकार के साहित्य से प्राप्त होते हैं–मलफूज़ात, मकतूबात (पत्र) और सूफियों की जीवनी से संबंधित वृतांत। मलफूज़ात आम आदमी की जिंदगी पर प्रकाश डालने के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। मकतूबात सूफी शिक्षकों के पत्राचार को संदर्भित करते हैं, जिसके माध्यम से वे अपने शिक्षकों से दूर रहते हुए भी प्रशिक्षित करते थे। इनमें अब्दुल कुद्दूस गंगोही, शेख अहमद सरहिंदी, शाह वलीउल्लाह, ख्वाजा मासूम आदि के मकतूबात प्रमुख हैं। सूफियों की जीवनियों को शिक्षक प्रशंसा हेतु प्रयुक्त अतिरंजित वृतांत के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इनमें अमीर खुर्द के शेख फरीदुद्दीन गंज-ए शकर आदि के वृतांत प्रमुख हैं।

## अरब यात्रियों के वृतांत

दिल्ली सल्तनत में साहित्य के निर्माण का आधार फारसी भाषा थी, जबकि विद्वानों के बीच अरबी भाषा साहित्यिक लोगों की भाषा थी। अनेक अरबी विद्वानों ने मंगोलों के आक्रमण के खतरे के बाद मध्य एशिया से प्रवासन कर दिल्ली सुल्तानों का संरक्षण प्राप्त किया। इन विद्वानों के वृतांत स्वयं भ्रमण अथवा पथिकों से प्राप्त जानकारी पर आधारित थे।

### अरब भूगोलवेत्ताओं के वृतांत

बगदाद में बैत-उल हिकमा की स्थापना के उपरांत अनेक संस्कृत ग्रंथों का अरबी अनुवाद आरंभ हुआ, जिससे भारतीय ज्ञान और संस्कृति और इतिहास में अभिरुचि बढ़ी। अलबरूनी (973-1050) के काल में अरबी लेखन चरम पर था।

### इब्न बतूता

मोरक्को यात्री इब्न बतूता का वृत्तांत अफ्रीकी एशियाई परिप्रेक्ष्य के साथ सल्तनत की समझ को दिशा देता है। इब्न बतूता द्वारा तुगलक का राजधानी स्थानांतरण, उसका विनाशकारी कराचील अभियान एवं अकाल की त्रासदियों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

## संस्कृत साहित्य

उत्तर भारत में इस काल में हिंदी, पंजाबी, बंगाली, असमी, उड़िया, मराठी और गुजराती भाषाओं का शीघ्र विकास हुआ, जबकि तमिल, कन्नड़ और तेलुगु जैसी दक्षिण भाषाएं तथा उनकी साहित्यिक परंपराएं, उत्तर भारतीय प्रादेशिक भाषाओं से अधिक प्राचीन थीं। मलयालम भाषा सबसे नवीन दक्षिण भारतीय भाषा है, जिसका विकास स्वतंत्र साहित्यिक भाषा के रूप में चौदहवीं शताब्दी से पहले तक नहीं हुआ था।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



**संस्कृत कृतियों का फारसी अनुवाद**

राजभाषा के रूप में संस्कृत का स्थान फारसी ने ले लिया परंतु संस्कृत साहित्यिक रचनाओं जैसी काव्य, धर्म और दर्शनशास्त्र, व्याकरण, नाटक, कहानियां, चिकित्सा विज्ञान, खगोल विज्ञान, विधि ग्रंथ आदि की संख्या में कोई कमी नहीं आई। सल्तनत की स्थापना से पहले ही संस्कृत रचनाओं में गिरावट देखी गई। इन साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशन दक्षिण भारत बंगाल मिथिला और पश्चिम भारत में मुख्य रूप से हुआ। अनेक राजपूत राजाओं ने संस्कृत कवियों को संरक्षण प्रदान किया। अमीर खुसरो ने उस युग के भारतीय समाज में साहित्यिक और सांस्कृतिक संश्लेषण परंपरा को स्थापित करने का प्रयास किया। अनेक संस्कृत रचनाओं का अरबी और फारसी में अनुवाद होने लगा। जिया नक्शबीका तूतीनामा संस्कृत साहित्य पर आधारित पहला अनुवाद था। ब्राह्मण विद्वानों की विचारों के आदान-प्रदान में नाम मात्र की भूमिका उनकी मनोवृत्ति को दर्शाती है।

## क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य

भारत के विभिन्न भागों में इस युग में क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य का विकास हुआ। उत्तर भारत में हिंदी, पंजाबी, बंगाली, उड़िया, मराठी और गुजराती भाषाओं का विकास हुआ। तमिल, कन्नड़ और तेलुगु 3 दक्षिण भारतीय भाषाएं थीं, जिनका साहित्यिक इतिहास उत्तर भारतीय प्रादेशिक भाषाओं की तुलना में अधिक प्राचीन है।

**क्षेत्रीय भाषाओं के विकास की सामाजिक पृष्ठभूमि**

इस दौर में अनेक क्षेत्रीय भाषाओं का विकास हुआ। इस विकास के लिए अनेक कारण उत्तरदायी थे। इनमें सामंतवादी समाज अर्थव्यवस्था और राजनीति की प्रगति के फलस्वरूप क्षेत्रीय सत्ता और संस्कृति के आविर्भाव से लेकर विभिन्न भक्ति आंदोलनों के समय तक अनेक राजनीतिक एवं सामाजिक उठापटकों के परिणामस्वरूप होने वाले क्षेत्रीय भाषाओं के विकास का वर्णन किया गया है।

**उत्तर भारत की क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य**

उत्तर भारत की क्षेत्रीय भाषा में लिखे गए साहित्यिक विचारों के बारे में यहां वर्णन किया गया है–

**हिंदी साहित्य का विकास**–हिंदी साहित्य का विकास मध्यकालीन भारत में अनेक रूपों में हुआ। ब्रज, अवधी राजस्थानी मैथिली, भोजपुरी, मालवी आदि हिंदी की उपभाषाएं थीं।

**प्रथम चरण**–सातवीं से दसवीं शताब्दियों के बीच अपभ्रंश से हिंदी भाषा का विकास हो रहा था। इस युग को वीरगाथा काल अथवा आदिकाल के रूप में जाना जाता है। इस काल में भाट अपने राजपूत शासक मालिकों शौर्य और पराक्रम की बढ़-चढ़कर व्याख्या करते थे। सातवीं से चौदहवीं शताब्दियों के बीच अमीर खुसरो ने हिंदी के मिश्रित रूप काव्य रचना का विकास किया, जिसे खड़ी बोली अथवा हिंदवी का नाम दिया गया।

**द्वितीय चरण भक्ति कविता का युग**–हिंदी साहित्य के विकास का दूसरा चरण 14-15वीं शताब्दियों में भक्ति आंदोलनों के प्रभाव से हुआ। इस युग में दो प्रकार के कवि थे– सगुण कवि (मानवीय रूप से युक्त ईश्वर में विश्वास रखने वाले) और निर्गुण कवि (अमूर्तवादी परम ईश्वर में विश्वास रखने वाले)। कबीर निर्गुण भक्त कवियों के अग्रणी थे, जिन्होंने 15वीं शताब्दी में काव्य रचनाओं के माध्यम से हिंदी जैसे देशज भाषा को एक साहित्यिक भाषा में रूपांतरित किया। उत्तर भारत की परंपरागत वैष्णव भक्ति आंदोलन से संबंधित ब्राह्मण कवियों में सर्वश्रेष्ठ कवि तुलसीदास ने हिंदी की अवधि बोली में रामचरितमानस की रचना की।

**हिंदी साहित्य में सूफी योगदान**

इस युग में सूफी संतों और विद्वानों ने हिंदी साहित्य के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूफी कवियों ने इस्लामी रहस्यवाद तथा भारतीय प्रेम कथाएं लोकप्रिय दंत कथाओं तथा कहानियों की मिश्रित रचनाएं कीं। इन रचनाओं के फलस्वरूप हिंदी साहित्य में अनेक अरबी और फारसी शब्दों का समावेश हुआ।

**उर्दू भाषा की उत्पत्ति और विकास**

दिल्ली सल्तनत की स्थापना के बाद के काल में विद्वानों ने उर्दू भाषा की उत्पत्ति से संबंधित विचार प्रकट किए हैं। एक मत के अनुसार हिंदी की उपभाषा पर फारसी तत्व का प्रभाव पड़ा है।

**पंजाबी साहित्य**

13वीं से 16वीं शताब्दी के आरंभ के बीच पंजाबी साहित्य के इतिहास में और भक्ति काव्य तथा वीर गाथाएं और लोक साहित्य प्रचलित हुए। 16वीं शताब्दी में गुरु नानक द्वारा रचित भजनों ने पंजाबी साहित्य को एक निश्चित रूप प्रदान किया। उनकी काव्य रचना शुद्ध भाव, शैली और विशिष्ट पद-योजना प्रमुख थी।

**बंगाली साहित्य**

दसवीं से बारहवीं शताब्दी के बीच बंगाली भाषा के चरयापद नामक लोकगीत सुप्रसिद्ध थे। 13वीं शताब्दी के बीच बंगाल पर तुर्कों की विजय के परिणामस्वरूप लोक विषयों तथा विधाओं का प्रसार हुआ। 15वीं शताब्दी तक बंगाली साहित्य में वैष्णव भक्ति काव्य, महाकाव्यों के अनुवाद तथा मंगल काव्य का प्रादुर्भाव हुआ। 15वीं शताब्दी में महाभारत तथा अन्य सांस्कृतिक और धार्मिक साहित्य का बंगाली में अनुवाद किया गया।

**असमी साहित्य**

13वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हेम सरस्वती ने असमी भाषा में प्रहलाद चरित्र और हर-गौरी संवाद की रचना की। 14वीं शताब्दी के पश्चात् कमाटा और चाचर असमी साहित्य के विकास के केंद्र बने। असमी भाषा का सबसे महत्त्वपूर्ण वैष्णव धार्मिक साहित्य कीर्तन घोष को माना जाता है, जो शंकरदेव तथा अन्य कवियों के भक्ति गीतों का संग्रह था।

**उड़िया साहित्य**

13वीं-14वीं शताब्दियों के दौरान उड़िया भाषा को भी साहित्यिक स्वरूप प्राप्त हुआ। सरलादास ने उड़िया में महाभारत की रचना की।

**मराठी साहित्य**

13वीं शताब्दी के दूसरे भाग में मराठी भाषा में छंद रूप साहित्य का प्रादुर्भाव हुआ। मराठी की महत्त्वपूर्ण कृतियां विवेक दर्पण और गोरख गीता अत्यधिक महत्त्वपूर्ण थीं।

**गुजराती साहित्य**

राजस्थानी और गुजराती दोनों भाषाओं की उत्पत्ति प्राचीन पश्चिम राजस्थान से हुई। गुजराती साहित्य का विकास 15वीं शताब्दी के मध्य तक रहा। गुजराती साहित्य के इतिहास का दूसरा युग 15वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में वैष्णव भक्ति कविता के प्रसार से शुरू हुआ।

www.neerajbooks.com